ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान रहें जागरूक

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने की अपील

■ **मुंबई, (सं.)** महाराष्ट्र साइबर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यशस्वी यादव ने साइबर सुरक्षा को एक साझा जिम्मेदारी बताते हुए नागरिकों से सतर्क और सक्रिय रहने की अपील की है. उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल पुलिस का काम नहीं, बल्कि सभी नागरिकों का दायित्व है.अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यादव व्हाट नाउ के जागरूकता कार्यक्रम 'कलयुग में साइबर योद्धा' में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे. उन्होंने कानून प्रवर्तन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि बदलते साइबर खतरों से निपटा जा सके. यादव ने नागरिकों, कानून प्रवर्तन और संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया, जो एक सुरक्षित डिजिटल महाराष्ट्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. जागरूकता कार्यक्रम में, कानून, प्रशासन, शिक्षा, सोशल सेक्टर और कला क्षेत्र के लोग शामिल हुए कार्यक्रम में आज की डिजिटल दुनिया में बढ़ते साइबर क्राइम की चुनौतियों पर चर्चा हुई.